महत्वपूर्ण एवं खास

शिक्षक कला पद के लिए आज नहीं होगी साक्षात्कार

रायगढ़। जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त पदों की संविदा भर्ती/प्रतिनियुक्ति से पूर्ति के लिए 19 दिसम्बर 2022 को आयोजित वॉक इन इन्टरव्यू से शिक्षक कला के पद की पूर्ति प्रतीक्षा सूची से होने के कारण उक्त पद हेतु साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा। पद रिक्त न होने के कारण शिक्षक कला के पद को विलोपित माना जाए।

आरपीएफ की कार्यवाई : पकड़े गए दो ट्रेन टिकट दलाल

कोरबा (आरएनएस)। आरपीएफ ने राउरकेला स्टेशन पर दो ट्रेन टिकट दलालों को गिरफ्तार किया है। डेली मार्केट जनता निवास स्ट्रीट के सूरज सिंह और गोपबंधुपाली के दीपक उपाध्याय हैं। आरपीएफ जावन ने इनके पास से 6 रिजर्वेशन टिकट, कुछ रिजर्वेशन फॉर्म, 3500 रुपए नकद जब्त किए है। यात्रियों ने शिकायत की पिछले कुछ दिनों से स्टेशन के टिकट बुकिंग केंद्र पर कुछ दलाल सक्रिय है। यात्रियों से मिली जानकारी के आधार पर आरपीएफ जवान आरक्षण केंद्र पर दलाल को पकडऩे के लिए चौकसी बरत रही थीए जब दो आरोपी दलाल आरक्षण केंद्र पर टिकट खरीद रहे थे।

पुलिस ने पकड़ी 27 पेटी विदेशी महंगी शराब, ढाई लाख से ज्यादा निकली कीमत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 27 पेटी महंगी अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जप्त शराब की कीमत 2 लाख 59 हजार बताई जा रही है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर के अमलीडीह का रहने वाला तस्कर विनय मुंजर काफी दिनों से शराब की तस्करी कर रहा था। विनय मुंजर जोरा स्थित एक मकान में शराब को डंप रखा हुआ था। इस बात की खबर पुलिस को मुखबिरों से मिली, जिसके बाद पुलिस ने वहां छापा मारकर भारी मात्रा में शराब बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी विनय मुंजर गिरफ्तार कर लिया। इस शराब की कीमत 2 लाख 59 हजार के करीब है।

24 घटे के अंदर डबल मर्डर से इलाके में सनसनी

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में 24 घंटे के अंदर अलग-अलग जगहों पर दो लाश मिली है। दोनों ही शवों के मामले में पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। पहला मामला ग्राम पंचायत धरदेई का है, जहां युवक विकास पटेल (30 वर्ष) का शव उसके घर की सीढ़ी के पास संदिग्ध हालत में मिला है। वहीं दूसरा मामला ग्राम तनोद का है, जहां कुएं से एक बुजुर्ग की लाश मिली है। ग्राम धरदेई में युवक विकास पटेल का शव सीढ़ी के नीचे औंधा पड़ा हुआ मिला। घटना की सूचना मृतक के चाचा ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने कहा कि मामला शुरुआती जांच में हत्या का लग रहा है। फिलहाल परिवारवालों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। शिवरीनारायण पुलिस जांच में डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की भी मदद ले रही है। घर के अन्य हिस्सों में भी खून के निशान मिले हैं, जिनके सैंपल जांच के लिए लिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, विकास पटेल धरदेई स्थित अपने घर में अकेले रहता था। पड़ोस में उसके चाचा विनोद पटेल अपने परिवार के साथ रहते हैं। वहीं मृतक के पिता पुरुषोत्तम पटेल शहडोल में स्वश्ष्टरु कर्मचारी हैं। इसलिए विकास के माता-पिता दोनों शहडोल में ही रहते हैं।

राज्य में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना लागू होगी

वृक्षों के व्यवसायिक के उपयोग को बढ़ावा देने की पहल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना लागू किए जाने की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य निजी भूमि पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देकर काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना तथा आय व रोजगार के अवसर को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने राज्य में निजी भूमि पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के संबंध में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना का प्रस्ताव तैयार कर मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बी.एस. स्पंज प्लांट में 10-10 टन रॉ मटेरियल कम ला रहे थे ट्रक ड्रायवर

- रॉ मटेरियल के अफरा-तफरी के खेल में ड्रायवरों के साथ प्लांट कर्मी भी थे शामिल
- प्लांट कांटा ऑपरेटरों से 10,000 रूपए जब्त, ड्राइवरों द्वारा जंगल में छिपाकर रखे 30 टन पायलेट गोली बरामद
- प्लांट के दो कांटा ऑपरेटर व दो ड्रायवरों को अमानत में खयानत मामले में गिरफ्तार भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। थाना पूंजीपथरा अंतर्गत बी.एस. स्पंज प्रायवेट लिमिटेड तराईमाल के मैनेजर आकाश दीप गुरूंग ने 16 दिसंबर को थाना पूंजीपथरा में आवेदन देकर प्लांट के कांटा आपरेटर चिंतामणी मेहर और ओमप्रकाश साहू के द्वारा प्लांट में रा मटेरियल (पायलेट गोली) ट्रकों में लेकर आने वाले ड्रायवरों से सांठगांठ कर ट्रको में लाये गये लोड माल को पूरा माल बताकर प्रत्येक गाडियों से 10-10 टन रा मटेरियल की अफरा तफरी किये जाने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। मामले में पूंजीपथरा पुलिस कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कर दोनों कांटा ऑपरेटर और मौके से फरार हुये 3 ट्रक ड्रायवरों की पतासाजी कर दो ट्रक ड्रायवारों को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपियों द्वारा लाखा जंगल में अवैध रूप से बेचने डम्प किये हुए 30 टन पायलट गोली बरामद कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

रिपोर्टकर्ता प्लांट के मैनेजर ने थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया को बताया कि दिनांक 15.12.2022 के सुबह जेएसडब्लू मोनेट से प्लांट में तीन ट्रक सीजी 12 ए.यू. 8822, सीजी 13 एल.ए. 6955 और सीजी 13 एल.ए. 4739 गाडियों में रा मटेरियल पेलैट गोली लेकर आये। तीनो गाडियां प्लांट के कांटा घर में तौल हुई और खाली होने के लिये जा रही थी। तभी ट्रकों के ड्रायवर कांटा ऑपरेटर चितामणी मेहर और ओमप्रकाश साहू से बातचीत कर रहे थे। प्लांट का सिक्योरिटी इंचार्ज उनकों देखा मामला कुछ संदेहास्पद प्रतीत होने से दुबारा तीनों गाडियों को कांटा घर में तौल कराये तीनों ट्रकों में करीब 10-10 टन माल कीमती करीब 2,75,000 रूपये का कम था। कांटा आपरेटर चितामणी मेहर व ओमप्रकाश साहू ट्रक ड्रायवरों के साथ सांठगांठ कर ट्रक में लोड माल को कहीं अफरा तफरी कर गफलत किये हैं की रिपोर्ट पर पांच आरोपियो के विरूद्ध नामजद धारा 407, 408 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज कर थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर जाकर रिपोर्टकर्ता एवं प्लांट के कर्मचारियों का बयान लेकर कांटा ऑपरेटर चितामणी मेहर, ओमप्रकाश साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

आरोपी चिंतामणि मेहेर अपने मेमोरेंडम बयान में बताया कि 15 दिसंबर को जब तीनों ट्रके प्लांट के कांटा घर आई तब ड्यूटी पर था, साथ में ओमप्रकाश साहू की भी ड्यूटी थी। ट्रक सीजी 12 ए.यू. 8822 का चालक राजाराम जांगड़े आया और बोला कि अपने साथी सेनकुमार महंत और फुलेश्वर महंत के साथ तीनों ट्रकों में पायलट गोली लेकर आये हैं। सभी ट्रक में से 10-10 टन माल लाखा जंगल के पास बेचने के लिए छुपा कर रखे हैं, 10-10 हजार ले लो और पूरा माल बताकर प्लांट में खाली करवा दो। तब चिंतामणि ड्राइवर राजा राम जांगडे से नगदी रु.10,000 लिया और ड्राइवर सेनकुमार और फुलेश्वर से भी दिलाओ बोला, फिर तीनो ट्रकों को कांटा करा कर इन वर्ड रजिस्टर में एंट्री कांट छांट किया और ट्रकों के माल को अन लोड करने अनलोड पॉइंट भेज दिया और ओम प्रकाश साहू को दोनों ड्राइवरों से पैसा लेने भेजा। तब सिक्योरिटी इंचार्ज देख लिया और उसे कुछ गडबड लगने पर वापस ट्रकों का कांटा घर ले जाकर तौल कराया, तौल पर ट्रकों में 10-10 टन माल कम था। तौल करते समय तीनों ट्रक के ड्राइवर भाग गए थे और तब ड्राइवरों से लेन-देन का किस्सा उजागर हुआ । आरोपी चिंतामणि मेहेर ड्राइवर राजाराम जांगड़े से मिले रु.10,000 में रु.5,000 अपने साथी ओमप्रकाश साहू को देना बताया। आरोपी दोनों कांटा ऑपरेटर ओम प्रकाश साहू और चिंतामणि मेहर से रु.5000-रु.5000 नगद तथा आरोपी ट्रक ड्रायवरों द्वारा लाखा जांगल में छिपाकर रखे 30 टन पायलट गोली कीमत रु.275000 बरामद कर जप्त किया गया है तथा मौके से फरार दो ड्राइवर राजाराम जांगड़े और सेनकुमार महंत को पुलिस टीम पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया है तथा एक आरोपी ट्रक ड्राइवर फुलेश्वर महंत फरार है, पतासाजी की जा रही है। गिरफ्तार चारों आरोपियों को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, आरक्षक बालचंद राव, धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं हमराह स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी-

1-चिंतामणि मेहेर पिता हरिहर मेहेर उम्र 24 साल निवासी टपरिया थाना हिमगिर जिला सुंदरगढ़ (उड़ीसा) हाल मुकाम बी.एस. प्लांट तराईमाल स्टाफ कॉलोनी थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़

2-ओम प्रकाश साहू पिता धनीधर साहू उम्र 22 साल निवासी अमझर थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़

3-राजाराम जांगड़े पिता भुनेश्वर जांगड़े उम्र 34 साल निवासी कुम्हारी थाना कोसीर जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़

4-सेन कुमार महंत पिता पितांबर दास महंत उम्र 37 साल निवासी डोकरबुडा थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़

बस-कार भिड़ंत, पत्नी की मौत, पति-बेटा गंभीर

- घायलों को नगरी जनपद अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल

नगरी (आरएनएस)। रविवार सुबह बस और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार 55 वर्षीय महिला की मौके पर मौत हो गई। उनके पति एवं बेटे को गंभीर चोटें आईं है। जिन्हें नगरी जनपद अध्यक्ष ने मसीही चिकित्सालय धमतरी पहुंचाया।घटना पलवाड़ी (सिंगपुर) मार्ग की बताई जा रही है।

रविवार सुबह 9.30 बजे धमतरी से नगरी की ओर आ रही बस क्रमांक सीजी 05 जे-1717 से कार सीजी 23 -2367 टकरा गई, जिससे कार में सवार 55 वर्षीय महिला श्रीमती मधु देवांगन की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि महिला के पति नेहरु देवांगन, एवं उनके पुत्र प्रशांत देवांगन को गंभीर चोटें आई है।

उसी मार्ग से गुजर रहे जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जनपद उपाध्यक्ष हुमित लिमजा और सरपंच मुनईकेरा महेन्द्र नेताम ने घायल पिता - पुत्र को मसीही चिकित्सालय धमतरी में भर्ती करवाया।

मौके पर दुगली थाना के उप निरीक्षक

रमेश साहू,वीरेन्द्र बैस प्रधान आरक्षक को सूचना मिलते ही अपने स्टॉफ के साथ तत्काल घटना स्थल में पहुंच कर जायजा लिया। आगे पुलिस कार्यवाही जारी है।

कार में तीन लोग सवार थे जो कि एक ही परिवार के थे। वे छुरा से धमतरी होकर दल्लीराजहरा जा रहे थे। कार को प्रशांत देवांगन चला रहे थे।

एक राय होकर तीन उत्पाती युवकों ने की थी ठेले वाले से मारपीट

- तीनों हमलावर पर जूटमिल थाना में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज
- घटना के बाद फरार हुए आरोपियों में एक आरोपी को जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। 15 दिसंबर की देर रात्रि पुलिस चौकी जूटमिल अंतर्गत निगम कॉलोनी बजरंगपारा में गल्ला किराना का ठेला लगाने वाले संजय सोनवानी (24 साल) पर मोहल्ले के प्रेम सारथी, गणेश सारथी और खदरू सारथी पूर्व झगड़ा विवाद रंजीश को लेकर संजय सोनवानी को पकड़कर हत्या की नियत से उसके गले पर ठोस वस्तु से प्रहार किये। घटना की रिपोर्ट दूसरे दिन आहत संजय सोनवानी द्वारा लिखित आवेदन देकर किया गया।

आहत बताया कि करीब 8-9 माह पूर्व मिट्ठूमुडा सारथी मोहल्ला के लोग कुछ लोग निगम कालोनी के ओ-ब्लाक में रह रहे हैं। उसमें प्रेम सारथी, गणेश सारथी एवं खदरू सारथी बदमाश किस्म के लडके हैं जो कालोनी में आये दिन शराब पीकर लोगों से झगडा विवाद करते हैं, एक सप्ताह पहले तीनों कालोनी में शराब पीकर गंदी गंदी गाली गलौच कर रहे थे जिनकों गाली गलौच करने से मना किया था तो झगडा विवाद किये थे। उसी रंजीश को लेकर दिनांक 15/12/22 के रात करीब 10.00 बजे तीनों गल्ला किराना दुकान ठेला के पास आकर झगडा, मारपीट करने लगे। गणेश सारथी एवं खदरू पकड़ लिये। प्रेम सारथी पीछे से अचानक अपने हाथ में रखे ठोस एवं धारदार वस्तु से गले में हमला कर चोट पहुंचाया, शोर मचाने से तीनों वहां से भाग गये। घटना के संबंध में तीनों आरोपियों पर धारा 307, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में घटना के बाद फरार हुये तीनों आरोपियों की सघन पतासाजी की जा रही थी। आज मुखबिर सूचना पर आरोपी रितेन सारथी उर्फ खदरू सारथी पिता जीवन सारथी उम्र 22 साल निवासी बजरंगपारा को जूटमिल क्षेत्र में पकड़ा गया, जिससे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने दो साथियों के साथ मारपीट करना कबूल किया। आरोपी को अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल , उप निरीक्षक आर. एस. नेताम हमराह आरक्षक बनारसी सिदार, सत्यानंद यादव, जितेंद्र दुबे, धनुर्जय बेहरा की अहम भूमिका रही है। फरार अन्य दो आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

ग्राम कुसुमबुड़ा में पति ने काट दिया अपनी पत्नी का गला

- इस खौफ नाक वारदात में पति भी जान से हाथ धो बैठा



गरियाबंद (आरएनएस)। थाना अन्तर्गत ग्राम कुसुमबुड़ा में पति के द्वारा पत्नी की हत्या कर स्वयं की तबियत खराब हो गई जिसे जिला अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई।घटना गरियाबन्द थाना क्षेत्र के कुसुमबूड़ा गांव का है जहां 15 दिसम्बर को पति वीरेंद्र ध्रुव 30 वर्ष अपनी पत्नी रतनी बाई 25 वर्ष के साथ मनरेगा का काम कर लौटने के बाद गांव के पास लगे जंगल में लकड़ी चुनने दंपत्ति अपने डेढ़ साल के बेटे को माता पिता के हवाले छोडक़र निकले थे।यह भी बताया था कि वे जंगल से लौटते वक़्त नहा कर निकलें। 15 दिसंबर देर शाम तक घर नहीं लौटे 16 दिसंबर को 100 से भी ज्यादा ग्रामीण ढूंढते निकले तभी मृतिका का पति बिरेंद्र घबरा कर पगडंडी किनारे बैठे दिखा जो बात भी नहीं कर पा रहा था।हत्या की वारदात से अनजान ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर वीरेन्द को जिला अस्पताल भर्ती कराया.सुबह 10 बजे भर्ती वीरेन्द्र का इलाज जारी था।लगभग 12 बजे ग्रामीणों को खून से लथपथ रतनी बाई का शव मिला।गर्दन पर कुल्हाड़ी के वार दिख रहा था वही पास में कुल्हाड़ी और खून से सने वीरेंद्र का कपड़ा भी मिला।पुलिस पूछताछ शुरू ही की थी कि दोपहर 2 बजे घबराहट में वीरेंद्र की मौत हो गई।मौत का कारण चिकित्सकों ने हार्ट अटैक की पुष्टि किये।

जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर टिकाराम ध्रुव ने बताया मौजूद साक्ष्य से पता चलता है कि पति ने ही पत्नी की हत्या की है. घटना के बाद घबराहट के चलते मौत हो गई।घटना पर सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर जांच किया जा रहा है।बताया जा रहा है कि 12 साल से मानसिक रोगी था.जिसका बीच में तबियत में सुधार आया तो 2020 में उसका विवाह कर दिया गया था।शव की मजिस्ट्रीयल जांच पंचनामा किया गया।17 दिसम्बर को पीएम के बाद दोनों शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. मामले में मृत पति के खिलाफ 302 का मामला कायम किया गया है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में दिखा वन भैंसों का झुंड

रायपुर (आरएनएस)। इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु वन भैंसा के जनसंख्या वृद्धि, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। बीजापुर जिले के इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 6 वन भैंसों का झुंड हाल ही में देखा गया है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक धम्मशील गणविर ने बताया कि वन भैसों के संरक्षण के लिए पेट्रोलिंग गार्ड व ग्रामीणों के साथ मिलकर निगरानी किया जा रहा है, ताकि इनका संरक्षण किया जा सके। इंद्रावती टाईगर रिजर्व क्षेत्र की सीमा महाराष्ट्र से लगे होने से वन भैसों का आवागमन दोनों क्षेत्रों में होता है। इसके लिए इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली वन विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि की साथ मिलकर वन भैंसे के संरक्षण और संवर्धन का कार्य किया जा सके।

भारत में वन भैंसा प्रमुखत: असम व छत्तीसगढ़ में पाया जाता है। वन भैंसा छत्तीसगढ़ में दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक है। 2800 वर्ग किलोमीटर में फैले इंद्रावती टाइगर रिजर्व वन भैंसों के लिए उपयुक्त प्राकृतिक रहवास है, जिसके कारण यहां वन भैंसा अधिक संख्या में देखने को मिलते हैं।

विकासखंड खरसिया में चार दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण संपन्न

रायगढ़। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशन में विकासखंड खरसिया में चार दिवसीय एफ.एल.एन.प्रशिक्षण आयोजित हुआ। विकासखंड स्तरीय एफ.एल.एन.मेंटर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक प्रदीप कुमार साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संभाग से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रैनर्स जिला स्त्रोत समूह के सदस्य रामकुमार पटेल व खगेश्वर प्रसाद पटेल और सभी संकुलों से चयनित 2-2 भाषा एवं गणित शिक्षक उपस्थित थे।

इस दौरान विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक के द्वारा एफ.एल.एन.के संबंध में विस्तार से बताया गया कि एफ.एल.एन.मिशन 2023 निपुण भारत के तहत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान मिशन है। हमारे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का क्रियान्वयन प्रारंभ हो चुका है। इसकी व्यापकता और समावेशिता के लिए इसकी काफी सराहना की गई है। यह नीति पूर्व स्कूली शिक्षा को औपचारिक संस्थागत रूप से प्रबंधित शिक्षा प्रणाली के मुख्य भाग में लाने की वकालत करने वाली पहली नीति है। इस नीति का एक और महत्वपूर्ण जोर कक्षा 3 तक के सभी बच्चों में मूलभूत साक्षरता और अंक ज्ञान एफ.एल.एन.कौशल विकसित करने पर है। नीति द्वारा एफ.एल.एन.से जुड़ी प्रमुखता को इसकी पुन:पुष्टि से समझा जा सकता है कि बाकी नीति हमारे छात्रों के लिए तभी प्रासंगिक होगी जब यह सबसे बुनियादी सीखने की आवश्यकता यानी बुनियादी स्तर पर पढऩा, लिखना और अंकगणित पहले हासिल हो हर बच्चे को बुनियादी एफ.एल.एन. कौशल से लैस करने की चुनौती को ध्यान में रखते हुए एफ.एल.एन. के लिए एक राष्ट्रीय मिशन, नेशनल इनिशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरसी या निपुण भारत, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है।

मिशन का विजन बुनियादी साक्षरता और अंक ज्ञान के सार्वभौमिक अधिग्रहण को सुनिश्चित करने के लिए एक सक्षम वातावरण तैयार करना है, ताकि प्रत्येक बच्चा कक्षा 3 के अंत में पढऩे,लिखने और अंक ज्ञान में वांछित सीखने की दक्षता हासिल कर सके। मिशन तीन से नौ वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों की सीखने की जरूरतों को पूरा करेगा। तदनुसार, उनके संभावित कारणों के साथ सीखने के अंतराल की पहचान की जाएगी और स्थानीय परिस्थितियों और देश की विविधता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रणनीतियां शुरू की जाएंगी। इसके अलावा, इसका उद्देश्य पूर्वस्कूली चरण और शुरुआती कक्षाओं के बीच एक मजबूत कड़ी और सुचारु संबंध स्थापित करना भी है। एफएलएन एक राष्ट्रीय मिशन है जिसका अर्थ होता है। मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान है। एफएलएन को भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के निपुण भारत मिशन के अंतर्गत लागू किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 3 से 9 तक आयु वर्ग के सभी बच्चों का समग्र विकास करना है। इस चार दिवसीय एफ.एल.एन.मेंटर्स प्रशिक्षण का आज समापन किया गया। जिसमें मास्टर रामकुमार पटेल व खगेश्वर पटेल के द्वारा विकासखंड खरसिया के सभी संकुलों के एक भाषा व एक गणित के शिक्षकों मेंटर्स को निपुण भारत मिशन, बुनियादी भाषा एवं गणित, आदि एफ एलएन आधारित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने पूरी रुचिपूर्वक, मनोरंजक व खेल-खेल में गतिविधि द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागी शिक्षक अपने-अपने संकुलों के सभी विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित कर सभी शालाओं में निपुण भारत मिशन अंतर्गत एफ.एल.एन.आधारित दक्षता प्राप्त करने मे आवश्यक सहयोग देंगे। प्रशिक्षण की सतत मॉनिटरिंग विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एल.एन.पटेल के द्वारा की गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480